# ईवीएम - वीवीपेट महत्वपूर्ण अनुदेश

## क्या करें

- ❖ ईवीएम–वीवीपेट प्राप्त करते ही एड्रेस टैग एवं मेटेलिक प्लेट से यूनिक आई.डी एवं आपके मतदान केन्द्र का मिलान करें
- ❖ BU पर मत पत्र, थम्ब व्हील स्वीच एवं बटनों की मास्किंग ठीक प्रकार से होने की जांच करें
- ❖ एक से अधिक BU होने पर उम्मीदवार सं. 1 से 16 के लिए थम्ब व्हील स्वीच 01 पर, 17 से 32 के लिए 02 पर एवं 33 से 48 के लिए 03 पर होना सुनिश्चित करें
- ❖ वीवीपेट के पीछे की नॉब का आड़ी – लॉक स्थिति में होना सुनिश्चित करें

- मतदान दिवस के दिन प्रातः 5:45 बजे तक मतदान कक्ष में ईवीएम, वीवीपेट को सेट कर दें
- CU को ऑन नहीं करें
- प्रातः 6:00 बजे मतदान अभिकर्ताओ की उपस्थिति में अनिवार्यतः दिखावटी मतदान–मॉक पॉल किया जायेगा
- यदि प्रातः 6:15 बजे तक कोई भी अभिकर्ता नहीं आता है या केवल एक ही अभिकर्ता आता है तो भी प्रातः 6:15 बजे से दिखावटी मतदान प्रारम्भ कर दें
- दिखावटी मतदान प्रारम्भ करते समय VVPAT ड्रॉप बॉक्स अभिकर्ताओं को खाली स्थिति में दिखाकर, VVPAT के पीछे की नॉब को खड़ी – वर्टिकल स्थिति में कर CU को ON करें

- इस मॉक पॉल में प्रत्येक खुले बटन पर 1-1 मत देते हुए कम-से-कम 50 मत दिये जाएँगे
- मॉक पॉल के समय मतदान प्रकोष्ठ में दो मतदान अधिकारियों को अभिकर्ताओं के साथ रखें जो एक कागज पर, दिए गए मतों का लेखा तैयार करेंगे
- मॉक पॉल समाप्ति के बाद CLOSE बटन दबाएं एवं VVPAT की सभी पर्चियों को बाहर निकालें, उम्मीदवारो के क्रम से जमा कर RESULT बटन दबाएँ और प्रदर्शित परिणाम को पर्चियों के परिणाम एवं तैयार लेखा से मिलान कर पुष्टि करें
- CU का CLEAR बटन दबाएँ एवं CU को OFF करें
- VVPAT की पर्चियों के पीछे MOCK POLL SLIPS की मोहर लगाकर काले लिफाफे में सील कर प्लास्टिक बॉक्स में पिंक पेपर सील द्वारा भी सील करें
- CU को सील करें एवं VVPAT के ड्रॉप-बॉक्स को अभिकर्ताओं को खाली स्थिति में दिखाकर सील करें

## क्या नहीं करें

- ❖ वास्तविक मतदान के दिन मतदान कक्ष में ही मशीनों को सेट करें, इससे पूर्व किसी भी स्थिति में BU, CU एवं VVPAT को जोड़कर जांच करना पूर्णतः निषिद्ध है
- ❖ मतदान कक्ष में वोटिंग कंपार्ट्मेंट के ठीक ऊपर लाइट का बल्ब या ट्यूबलाइट नहीं होनी चाहिए
- ❖ मतदान के दौरान बार बार CU को ऑफ-ऑन नहीं करें

Designed By: SURENDRA JAIN, Addl. Nodal Officer (EVM), PALI

www.rajteachers.com